web: www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक


# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, मंगलवार 31 दिसम्बर 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 93

## आर्थिक-सामाजिक उन्नति के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार प्रमुख प्रेरक :नायडू

तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)। उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने आज कहा कि अल्पायु में ही बच्चों में वैज्ञानिक मनोवृत्ति और जिज्ञासा पैदा की जानी चाहिए, क्योंकि विज्ञान के पास हमारी हर समस्या का समाधान है और राष्ट्र की प्रौद्योगिकीय विकास में उसका बहुत योगदान है।

आज तिरुवनन्तपुरम में 27वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक सोच में जिज्ञासा, तार्किकता और खुली विचारशीलता समाहित होती है। उन्होंने कहा, 'विज्ञान की शिक्षा बच्चों को बिना किसी पूर्वाग्रह के सत्य को खोजने की प्रेरणा देती है। इसके जरिये किसी नतीजे पर पहुंचने से पहले बच्चे विश्लेषण, सवाल-जवाब और तार्किकता से काम ले सकते हैं।'

नायडू ने कहा कि हम अभूतपूर्व प्रौद्योगिकीय परिवर्तन के युग में रह रहे हैं जहां आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार मुख्य प्रेरक हैं। उन्होंने कहा कि समुचित प्रौद्योगिकियों के जरिये रहन-सहन की परिस्थितियों में सुधार आएगा तथा आय में इजाफा सुनिश्चित होगा।

जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों का उल्लेख करते हुए नायडू ने कहा कि हमें न सिर्फ इसका समाधान खोजना है, बल्कि हमें प्रकृति को सुरक्षित भी करना है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के कथन का हवाला देते हुए कहा कि प्राचीन भारत ज्ञान की भूमि है और प्राचीन भारत के असंख्य महान वैज्ञानिकों ने पूरे विश्व को समृद्ध किया है। उन्होंने बदली जीवनशैली के कारण युवाओं में गैर-संचारी रोगों की बढ़ोतरी पर चिंता व्यक्त की और बच्चों का आह्वान किया कि वे स्वस्थ खानपान तथा शारीरिक फिटनेस पर ध्यान दें।

**उपराष्ट्रपति ने 27वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस को संबोधित किया**



इस आयोजन में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, विधायक वी. के. प्रशांत, कार्डिनल बेसलियोस क्लीमिस, प्रोफेसर सुधीर और अन्य विशिष्टजन उपस्थित थे।

विज्ञान कांग्रेस में 28 राज्यों और 9 केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 658 छात्र वैज्ञानिक तथा मध्य पूर्व में विभिन्न भारतीय स्कूलों के 15 छात्र वैज्ञानिक अपने प्रोटोटाइप, प्रोजेक्ट और अभिनव प्रयोगों को पेश कर रहे हैं।

## निर्भया के गुनहगारों को जल्द सजा दिलाने मौन व्रत पर बैठे अन्ना हजारे

» प्रधानमंत्री को लिखी चिट्ठी



मुंबई (आरएनएस)। वयोवृद्ध गांधीवादी सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे निर्भया गैंगरेप और हत्याकांड के दोषियों को जल्द से जल्द सजा दिलाने की मांग को लेकर मौन व्रत पर बैठ गए हैं। इस बाबत उन्होंने इस बाबत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी भी लिखी है. अन्ना हजारे ने बताया कि उन्होंने अपने गांव रालेगासिद्धी में 20 दिसंबर से ही मौन व्रत पर हैं. बता दें कि निर्भया कांड के एक दोषी ने फांसी की सजा को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर की थी, जिसे शीर्ष अदालत ने ठुकरा दिया. इसके बाद सभी चारों दोषियों के वकील ने इस मामले में क्यूरेटिव पिटीशन दायर करने की बात कही है. इसके पास सभी दोषियों के पास राष्ट्रपति के पास मर्सी पिटीशन (दया याचिका) दाखिल करने का विकल्प भी बचा है.

अन्ना हजारे ने पीएम मोदी को भेजी गई चिट्ठी में लिखा, मैंने आपको (पीएम मोदी) 9 दिसंबर 2019 को पत्र लिख कर देश में बढ़ रहे महिला अत्याचार और न्याय मिलने में अदालती प्रक्रिया में विलंब की बात बताई थी. दुर्भाग्य से कहना पड़ रहा है कि आज तक उसका कोई जवाब नहीं मिला. इसलिए स्मरण दिलाने हेतु दूसरा पत्र लिख रहा हूं. निर्भया कांड को सबसे पहले निचली अदालत ने फांसी की सजा सुनाई थी. उसके बाद दोषियों ने हाई कोर्ट में इसे चुनौती दी थी. उच्च न्यायालय से अर्जी खारिज होने के बाद सभी दोषियों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अजित पवार फिर बने डिप्टी सीएम

» आदित्य ठाकरे ने भी ली मंत्री पद की शपथ

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र में सोमवार को उद्धव सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया। गठबंधन सहयोगियों कांग्रेस, एनसीपी और शिवसेना की तरफ से कुल 36 नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली। इस दौरान एनसीपी से बगावत कर बीजेपी के साथ सरकार बनाने वाले अजित पवार जहां एक बार फिर राज्य के उपमुख्यमंत्री बने, वहीं मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे ने भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। कुल मिलाकर आज 25 कैबिनेट मंत्रियों, 10 राज्य मंत्री और एक उपमुख्यमंत्री ने शपथ ग्रहण की।

### डीजीसीए ने ई-शासन परियोजना के पहले चरण की सेवाएं शुरु की

नई दिल्ली (आरएनएस)। विमानन क्षेत्र के नियामक डीजीसीए ने सोमवार को ई-शासन (ई-जीसीए) परियोजना के पहले चरण की सेवाओं की शुरुआत की। इसके जरिए कमर्शियल पायलट लाइसेंस अब स्वतः जारी होगा। एक सरकारी विज्ञप्ति के मुताबिक, इस कदम से प्रत्येक वर्ष पायलट बनना चाह रहे 700 से अधिक लोगों को लाभ होगा। सूत्रों ने कहा है कि इसकी शुरुआत के साथ ही फ्लाइट रेडियो टेलीफोनी ऑपरेटर्स लाइसेंस (एफआरटीओएल) के साथ कमर्शियल पायलट लाइसेंस (सीपीएल-ए) और इंस्ट्रूमेंट रेटिंग स्वचालित हो गयी है।

### नहर में गिरी कार, एक ही परिवार के 6 सदस्यों की मौत

ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)। ग्रेटर नोएडा में हुए एक भीषण हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। सभी मृतक एक ही परिवार के थे। कोहरे की वजह से ड्राइवर का तेज रफ्तार कार पर बैलेंस नहीं रहा और वह नहर में जा गिरी। एक ही परिवार के 11 लोग अर्टिगा कार में सवार थे। परिवार के सदस्य संभल से दिल्ली आ रहे थे। रास्ते में घना कोहरा था, बैलेंस खोने के बाद कार खेरली नहर में जा गिरी। हादसा रविवार रात 11.30 बजे के करीब हुआ। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई जबकि बाकी 5 का इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि परिवारवाले कुल दो गाड़ियों में दिल्ली आ रहे थे। दूसरी कार एर्टिगा के पीछे थी। मृतकों की पहचान महेश (35), किशन लाल (50), नरेश (17), राम खिलाड़ी (75), मल्लू (12) और नेत्रपाल (40) के रूप में हुई है। ये सभी संभल जिले के रहने वाले थे। इनकी कार थाना दनकौर इलाके के खेरली नहर में गिरी है। उधर, कोहरे के कारण ट्रेनें भी लेट हैं। दिल्ली हो या फिर उससे सटे नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद, सोमवार सुबह पूरी तरह कोहरे की गहरी चादर में ढक गए। सुबह तकरीबन 7 बजे राजधानी दिल्ली लो विजिबिलिटी के कारण गायब ही नजर आई। घने कोहरे का असर ट्रेनों के साथ-साथ फ्लाइट्स पर भी पड़ा है। नॉर्दन रेलवे रीजन में लो विजिबिलिटी के कारण 30 ट्रेनें देरी से चल रही हैं।

### सीबीआई ने हथियार लाइसेंस मामले में 13 स्थानों पर छापे मारे

नईदिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विभिन्न टीमों ने जम्मू-कश्मीर के विभिन्न जिलों में दो लाख से अधिक हथियारों के लाइसेंस जारी करने और भ्रष्टाचार की जांच के क्रम में श्रीनगर, जम्मू, गुरुग्राम और नोएडा के 13 ठिकानों पर सोमवार को छापे मारे। सीबीआई सूत्रों ने यहां बताया कि जांच एजेंसी हथियारों के दो लाख से अधिक लाइसेंस जारी करने के सिलसिले में जम्मू-कश्मीर के विभिन्न जिलों के तत्कालीन जिला कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट से जुड़े 13 ठिकानों पर छापे मार रही है। सूत्रों ने बताया कि ये छापे कुपवाड़ा, बारामूला, उधमपुर, किश्तवाड़, शोपियां, राजौरी, डोडा एवं पुलवामा के तत्कालीन जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट से संबंधित परिसरों पर मारे जा रहे हैं। सीबीआई का कहना है कि राज्य के गैर निवासी व्यक्तियों को लाइसेंस जारी करने के एवज में घूस लेने के आरोपों की भी जांच की जा रही है।

## नौसैनिकों के फेसबुक प्रयोग पर बैन, युद्धपोत पर स्मार्टफोन भी नहीं ले जा पाएंगे

» भारतीय नौसेना का सख्त फैसला

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारतीय नौसेना ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नौसेना के कर्मचारियों पर फेसबुक के प्रयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसी के साथ-साथ अपने शिप, डॉकयार्ड, युद्धपोतों पर भी कर्मचारी स्मार्टफोन नहीं ले जा पाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये कदम इसलिए उठाया गया है कि ताकि किसी प्रकार की कोई गोपनीय जानकारी लीक न हो सके। दरअसल हाल ही में सात नौसैनिकों को सोशल मीडिया पर दुश्मन को खुफिया एजेंसियों को संवेदनशील सूचनाएं लीक करते पकड़ा गया था।



दरअसल हाल ही में आंध्र प्रदेश पुलिस ने जासूसी व हवाला मामले में एफआइआर दर्ज कर देश के अलग-अलग हिस्सों से सात नौसेना कर्मियों के साथ ही एक हवाला ऑपरेटर को भी गिरफ्तार किया। कुछ संदिग्ध लोगों से भी इस मामले में पुलिस पूछताछ कर रही है। आंध्र प्रदेश पुलिस के मुताबिक, जासूसी रैकेट का भंडाफोड़ करने के लिए चलाए गए अभियान को ऑपरेशन डॉल्फिन्स नोज नाम दिया गया था। इस मामले की जांच के दौरान ऐसे खुलासे हुए हैं जिनके कारण नौसेना को फेसबुक बैन जैसा कदम उठाना पड़ा।

## पीएम मोदी के आवास परिसर में लगी आग, दमकल की 9 गाड़ियों ने पाया काबू

नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास परिसर में लगी आग पर दमकल विभाग ने काबू पा लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिल्ली के 7 लोक कल्याण मार्ग परिसर पर आग लगने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की 9 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

खबर के मुताबिक प्रधानमंत्री आवास पर 7:45 बजे आग लगने की सूचना पर 9 फायर टेंडर भेजे गए थे। आग लगने की सूचना मिलते ही अधिकारियों में हड़कंप मच गया। सूचना आ रही है कि वहां एक यूपीएस बैटरी में आग लगी थी। जिस पर काबू कर लिया गया है।

पीएम आवास 7 एलकेएम मार्ग की सड़क को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास भारत की सबसे सुरक्षित जगहों में से एक माना जाता है। जैसे ही आग लगने की सूचना मिली, मौके पर पूरा स्थानीय प्रशासन पहुंच गया। घटनास्थल पर दमकल विभाग के साथ-साथ बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी भी पहुंचे हैं।





प्रधानमंत्री आवास के बाहर सुरक्षा व्यवस्था तेज कर दी गई है। बताया जा रहा है जिस समय आवास में आग लगी है, उस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पीएम आवास में मौजूद नहीं थे।

पीएमओ की ओर से जारी सूचना के अनुसार, शॉर्ट सर्किट के कारण बंगला नंबर नौ में मामूली आग लग गई। यह पीएम नरेंद्र मोदी का आवास या कार्यालय परिसर नहीं है, लेकिन एलकेएम कॉम्प्लेक्स के एसपीजी रिसेप्शन का हिस्सा है। आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है।

## दो साल में देश में पांच हजार वर्ग किलोमीटर बढ़ा हरित क्षेत्र

नई दिल्ली (आरएनएस)। पिछले दो वर्षों में देश के हरित क्षेत्र में 5,188 वर्ग किमी की बढ़ोतरी हुई है। इसमें वन क्षेत्र और वन से इतर पेड़ों का हरित क्षेत्र भी शामिल है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावडेकर ने सोमवार को भारत में वन क्षेत्र की स्थिति रिपोर्ट 2019 (आईएसएफआर) जारी करते हुए बताया कि देश का वन क्षेत्र सभी श्रेणियों में बढ़ा है।

उन्होंने बताया कि देश के कुल क्षेत्रफल में वन क्षेत्र की हिस्सेदारी 21.67 प्रतिशत हो गई है। जावडेकर ने कहा कि 2014 से 2019 के दौरान वन क्षेत्र में 13 हजार वर्ग किमी का इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि सघन वन क्षेत्र, विरल वन क्षेत्र और सामान्य वन क्षेत्र, तीनों श्रेणियों में बढ़ोतरी दर्ज करने वाला भारत एक मात्र देश है। जावडेकर ने कहा कि देश के उत्सर्जित कार्बन में 2017 के पिछले आकलन के मुकाबले 4.26 करोड़ टन की वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट हमें भरोसा दिलाती है कि हम पेरिस समझौते के लक्ष्यों को हासिल करने की राह पर हैं।



पूर्वोत्तर राज्यों में वन आच्छादित क्षेत्र में कमी आई केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि मौजूदा आकलन दिखाता है कि पूर्वोत्तर भारत में वन आच्छादित क्षेत्र में 765 वर्ग किलोमीटर (0.45 प्रतिशत) तक की कमी आई। असम और त्रिपुरा के अलावा पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में वन आच्छादित क्षेत्र में कमी देखी गई।

उल्लेखनीय है कि आईएसएफआर रिपोर्ट दो साल के अंतराल पर प्रकाशित होती है। रिपोर्ट के अनुसार देश में वनों में आग लगने की घटनाओं में 20 प्रतिशत की कमी आई है।

## सरकार भारतीय नौसेना को बनाएगी और ज्यादा मजबूत

» परमाणु क्षमता समेत 24 पनडुब्बियों को बनाने का प्लान

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय नौसेना की 24 पनडुब्बियों के निर्माण की योजना है जिसमें 6 परमाणु हमलावर पनडुब्बियां होंगी। यह जानकारी एक संसदीय समिति को दी गई।

नौसेना की ओर से समिति को बताया गया कि पनडुब्बी सिंधुराज का मीडियम रीफ्टि लाइफ सर्टिफिकेशन रुक गया है, क्योंकि रूसी पक्ष अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के चलते बैंक गारंटी और इंटेग्रिटी पैक्ट नहीं दे पा रहा है। इस महीने पेश की गई अपनी रिपोर्ट में नौसेना ने कहा कि उसके बेड़े में वर्तमान समय में 15 पारंपरिक और 2 परमाणु पनडुब्बियां हैं।



भारतीय नौसेना में 2 परमाणु पनडुब्बियां हैं जिनमें आईएनएस अरिहंत और आईएनएस चक्र शामिल हैं। आईएनएस चक्र को रूस से पट्टे पर लिया गया है। नौसेना ने कहा कि पारंपरिक पनडुब्बियां 25 वर्ष से अधिक पुरानी हैं। 13 पनडुब्बियां 17 से 32 वर्ष पुरानी हैं। इसने कहा कि 18 (पारंपरिक) 6 एसएसएन (परमाणु हमलावर पनडुब्बियों) की योजना है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय नौसेना के अभियान क्षेत्र हिंद महासागर में चीन की नौसेना की गतिविधियां बढ़ रही हैं। भारतीय नौसेना अपनी ओर से अपने आधारभूत ढांचे में सुधार कर रही है जिसमें नए पोतों की खरीद भी शामिल है।

## परिवहन मंत्रालय ने बसों में दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाओं को अधिसूचित किया

नईदिल्ली (आरएनएस)। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने बसों में दिव्यांगजनों को विशेष सुविधाएं प्रदान करने के लिए केंद्रीय मोटर वाहन नियमों में संशोधन के लिए 27 दिसंबर को जारी जीएसआर 959 (ई) को अधिसूचित कर दिया है। संशोधन के माध्यम से दी जाने वाली सुविधाओं में दिव्यांगजनों के लिए प्राथमिकता वाली सीटें, संकेत, बैसाखी / विशेष किस्म की छड़ी / वॉकर, हैंड रेल / स्टैनचेन, प्राथमिकता वाली सीटों पर सुरक्षा के लिए नियंत्रका उपाय, व्हील चेयर को बस में लाने, रखने तथा उसे लॉक करने की व्यवस्था आदि शामिल है। बसों के फिटनेस निरीक्षण के समय यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बसों में ये सारी सुविधाएं दी गई हैं या नहीं। संशोधन के माध्यम से की गई नयी व्यवस्था 1 मार्च 2020 से प्रभावी हो जाएगी।

मोटर वाहन अधिनियम 1989 में संशोधन के प्रस्तावित नियम 24 जुलाई 2019 को जीएसआर अधिसूचना नंबर 523(ई) के तहत प्रकाशित किए गए थे और इसके माध्यम से ऐसे लोगों से इसपर सुझाव और टिप्पणियां मांगी गई थीं जो इससे प्रभावित हो सकते हैं। नियमों के प्रस्तावित मसौदे के बारे में सभी पक्षों के सुझाव और आपत्तियों पर गंभीरता पूर्वक विचार करने के बाद अधिसूचना जारी की गई।

## बीएसएफ और बीजीबी के महानिदेशकों का 49 वां सीमा समन्वय सम्मेलन समाप्त

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारत और बांग्लादेश के सीमा सुरक्षा बलों के बीच महानिदेशक स्तर की वार्ता 25 से 30 दिसंबर तक नयी दिल्ली में आयोजित की गई। वार्ता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक विवेक जौहरी ने किया जबकि बंगलादेश बार्डर गार्ड (बीजीबी) का नेतृत्व बल के महानिदेशक मेजर जनरल मोहम्मद शफीनुल इस्लाम ने किया।

वार्ता के एजेंडे में मादक पदार्थों, सोने, जाली मुद्रा, मवेशियों तथा मानवों की तस्करी, अवैध रूप से सीमा पार करने की गतिविधियों, अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ के जवानों और भारतीय नागरिकों तथा बंगलादेश के नागरिकों की मौत और घायल होने की घटनाओं के अलावा बांग्लादेश में सक्रिय भारत के विद्रोही गुटों के खिलाफ कार्रवाई तथा अंतरराष्ट्रीय सीमा के दोनों ओर 150 यार्ड के भीतर बाड़ लगाने और दुर्गम भौगोलिक क्षेत्र की कठिनाइयों के बावजूद सीमा पर निगरानी मजबूत करने के उपायों पर भी विचार विमर्श किया गया।

एजेंडे में शामिल बिंदुओं पर गहन चर्चा के बाद दोनों पक्षों ने वार्ता के नतीजों पर अमल करने पर सहमति जताई। वार्ता के बाद दोनों देशों के सीमा सुरक्षा बलों के महानिदेशकों ने चर्चा के मुख्य बिंदुओं पर संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किया हुआ एक रिकार्ड पत्र जारी किया जिसमें आपराधिक गतिविधियों को रोकने के दौरान सीमाओं पर बीएसएफ कर्मियों की मौत या चोट पहुंचने की घटनाओं की रोकथाम के





उपाय, मवेशियों की तस्करी के साथ ही किसी भी तरह के आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने पर सहमति तथा सीमाओं पर शांति बनाए रखना सुनिश्चित किया जाना।